केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

03.11.2022

'भ्रष्टाचार मुक्त भारत - विकसित भारत'

सीबीएसई में "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" का आयोजन

सीबीएसई और इससे संबद्ध स्कूलों में 31 अक्टूबर 2022 से 06 नवंबर 2022 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय '**एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत**' (**Corruption free India for a developed Nation**) है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत सीबीएसई मुख्यालय और सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में आयोजित **"सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा" (Integrity Pledge)** के साथ हुई। सीबीएसई के अधिकारियों/कर्मचारियों को सीवीसी की वेबसाइट (https://www.cvc.gov.in) पर उपलब्ध ऑनलाइन "**सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा**" वेबसाइट पर जाकर "**ई-प्रतिज्ञा**" **(e-pledge)** लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

सीबीएसई मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में आयोजित गतिविधियों में "**एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत**" पर निबंध लेखन, "**निवारक सतर्कता उपायों पर**" स्लोगन, "**मेरी दृष्टि-भ्रष्टाचार मुक्त भारत**" पर भाषण / व्याख्यान और "**सतर्कता और प्रशासनिक मामलों**" पर प्रश्नोत्तरी, प्रतियोगिताओं में शामिल हैं।

सार्वजनिक जीवन में सतर्कता के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करने के लिए, सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूलों को छात्रों (दसवीं से बारहवीं कक्षा) और स्टाफ सदस्यों को केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन '**सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा**' लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा गया है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान स्कूल वाद-विवाद, भ्रष्टाचार विरोधी संदेशों के प्रसार के लिए विषय से संबंधित प्रश्नोत्तरी आयोजित करेंगे।

निदेशक (मीडिया एवं जनसंपर्क)